29 अगस्त को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 2018 बैठक एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय,भोपाल से पधारे सहायक निदेशक राजभाषा द्वारा निरीक्षण संबंधी बैठक का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित एवं अनुसूचित कार्यक्रमानुसार सभी सदस्यों के आगमन के पश्चात कार्यभारी निदेशक महोदय प्रोफ़ेसर कमल किशोर जैन ने राजभाषा अधिकारी से बैठक प्रारम्भ करने को कहा | राजभाषा अधिकारी ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से पधारे श्री हरीश सिंह चौहान , सहायक निदेशक एवं श्री प्रवीण रघुवंशी का स्वागत करते हुए सभी सम्मानीय सदस्यों का स्वागत किया |

सभी सदस्यों ने अपने विभाग में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग से संबंधित जानकारी निरीक्षण अधिकारी के साथ साझा करते हुए उन्हें अपना परिचय दिया | कार्यभारी निदेशक महोदय प्रोफ़ेसर कमल किशोर जैन ने अतिथि महोदय को शाल भेंट कर उनका स्वागत किया | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कर्नल गुरुराज गोपीनाथ पामिडि द्वारा श्री प्रवीण रघुवंशी का अभिनंदन (सेवा निवृत्त) किया गया| अध्यक्ष महोदय ने अतिथि को अपना परिचय देते हुए कहा कि उन्हें हिंदी में बात करना सुखद और अच्छा लगता है, हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक प्रशासनिक कार्य हिंदी में ही करें | उन्होंने आगे कहा कि स्वतन्त्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर निदेशक महोदय द्वारा भाषण हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में दिया जाता है | इस पर निरीक्षण अधिकारी प्रसन्न हुए और पूरा बैठक कक्ष तालियों से गूंज उठा |

संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति स्टाफ और अधिकारियों की प्रतिबद्धता को देखकर अतिथि महोदय अत्यंत हर्षित हुए उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना की | उन्होंने राजभाषा नीति की बुनियादी बातों को सभी के सामने प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यालयीन कार्यों में सहज एवं सरल शब्दों का प्रयोग करना ही उचित रहता है | अन्य भाषाओं जैसे कि अंगरेजी, उर्दू, जापानी, यूनानी और भी कई भाषाओं के शब्दों को हिंदी ने आत्मसात किया है तभी हिंदी की नित प्रतिदिन प्रगति हो रही है-| हमें क्लिष्ट शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ताकि इसे सभी के द्वारा समझा जा सके |

इसके पूर्व निरीक्षण अधिकारी ने राजभाषा विभाग में कार्यान्वयन की प्रस्थिति, वेबसाईट, तिमाही बैठककार्यशाला आयोजन ., नराकास बैठकों में संस्थान के प्रतिनिधित्व की जानकारी,तिमाही प्रगति रिपोर्ट, अर्धवार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण आदि की जानकारी हासिल की | राजभाषा अधिकारी ने एक सिलसिलेवार तरीके से समुचित जानकारी उन्हें मुहैया कराई, वे इससे संतुष्ट थे | उन्होंने संस्थान की वेबसाईट को हिंदी में खुलने संबंधी निदेश भी दिए जो कि अभी पहले अंग्रेजी में खुलती है | राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु उन्होंने बताया कि संस्थान को कीर्ति पुरस्कार भी

प्रदान किया जा सकता है बशर्ते कुछ छोटी किन्तु मूल्यांकन हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं का ध्यान रखा जाए | उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रस्थिति को बनाए रखने की अपील के साथ सभी सदस्यों को कार्यान्वयन का उत्कृष्ट स्तर बनाए रखने हेतु बधाई दी और धन्यवाद दिया | अंत में श्री राजेश श्रीवास्तव, हिंदी अनुवादक द्वारा कार्यभारी निदेशक महोदय प्रोफ़ेसर कमल किशोर जैन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कर्नल गुरुराज गोपीनाथ पामिडि (सेवा निवृत्त), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से पधारे सहायक निदेशक श्री हरीश सिंह चौहान, श्री प्रवीण रघुवंशी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों का निरीक्षण बैठक को सफल बनाने एवं अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया |